<u>सिविल सेवा परीक्षा - 2022 के नोटिस का अनुशेष</u>

संघ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 02.02.2022 को प्रकाशित नोटिस संख्या 05/2022, जिसके अंतर्गत सिविल सेवा परीक्षा- 2022 में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे, के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि सरकार ने सिविल सेवा परीक्षा - 2022 के माध्यम से भारतीय रेल प्रबंधन सेवा (भा.रे.प्र.से.) ग्रुप 'क' में 150 कार्मिकों की भर्ती करने का निर्णय लिया है। तदनुसार, सरकार (कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग) ने सिविल सेवा परीक्षा, 2022 के माध्यम से की जाने वाली भर्ती हेतु सेवाओं की सूची में भा.रे.प्र.से., ग्रुप 'क' को शामिल करते हुए एक अधिसूचना सं. 13018/04/2021 - एआईएस(I) दिनांक 17 फरवरी, 2022 जारी की है। परिणामस्वरूप, आयोग ने भा.रे.प्र.से. ग्रुप 'क' को अपने संदर्भाधीन नोटिस में निर्दिष्ट सेवाओं की सूची में शामिल करने का निर्णय लिया है। परीक्षा नोटिस, दिनांक 02.02.2022 में दर्शाई गई रिक्तियों की अनंतिम संख्या अर्थात् 861 अब संशोधन के उपरांत 1011 हो गई है। भा.रे.प्र.से. की 150 रिक्तियों में से 06 रिक्तियां बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षित हैं। भा.रे.प्र.से. के लिए दिव्यांगता की उप-श्रेणी, कार्यात्मक वर्गीकरण (एफसी) और शारीरिक अपेक्षाएं (पीआर) निम्नानुसार हैं:

सेवा	**उप-श्रेणी**	**कार्यात्मक वर्गीकरण (एफसी)**	**शारीरिक अपेक्षा (पीआर)**
भा.रे.प्र.से.	चलन दिव्यांगता	सीपी/एलसी/एएवी सहित ओए या ओएल	एस, एसटी, बीएन, डब्ल्यू, एसई, एमएफ, सी, आरडब्ल्यू, पीपी, एच

(प्रयुक्त संकेतकः- ओए = एक भुजा प्रभावित, ओएल=एक पैर प्रभावित, सीपी=प्रमस्तिष्क घात, एलसी=कुष्ठ उपचारित, एएवी=अम्ल हमले के पीड़ित, एस=बैठकर, एसटी=खड़े रहकर, बीएन=मुड़कर, डब्ल्यू=चलकर, एसई=देखकर, एमएफ= उंगलियों का इस्तेमाल कर, सी= संप्रेषण, आरडब्ल्यू= लिखकर एवं पढ़कर, पीपी= खींचना एवं धकेलना, एच= सुनकर।)

सिविल सेवा परीक्षा - 2022 के माध्यम से भा.रे.प्र.से., ग्रुप 'क' में भर्ती के लिए पात्रता की शर्तें आदि वही होंगी जो दिनांक 02.02.2022 को प्रकाशित सिविल सेवा परीक्षा - 2022 के नोटिस में दी गई हैं। अतः, जो उम्मीदवार सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा - 2022 के लिए पहले आवेदन कर चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

कृपया, चिकित्सा मानदण्डों, भा.रे.प्र.से. के लिए सेवा-शर्तों आदि के विस्तृत विवरण हेतु सरकार (कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग) की अधिसूचना संख्या 13018/04/2021-एआईएस(I) दिनांक 17 फरवरी, 2022 का संदर्भ लें। यह विवरण https://cseplus.nic.in पर उपलब्ध है।

******